# आरबीआई एवं बीओआई के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक पीआर राजगोपाला के रांची आगमन के अवसर पर बुधवार को बीओआई एवं भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में मेगा वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन रांची के टांगर स्थित पंचायत भवन में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, बीओआई फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड तथा बीओआई रांची आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन ने कहा कि यह शिविर लोगों से जुड़ने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि सभी नागरिक वित्तीय प्रणाली और उसकी सुविधाओं से लाभान्वित हों। उन्होंने बताया कि बैंकों और सभी हितधारकों के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य पुनः केवाईसी, जन धन खातों सहित सभी खातों में विवरण अद्यतन कर उन्हें सक्रिय रखना, नामांकन, सामाजिक सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाना और आवश्यक वित्तीय जानकारी, सुविधाएं एवं सावधानियों के प्रति जागरूक करना है। बीओआई के कार्यपालक निदेशक पीआर राजगोपाला ने वित्तीय समावेशन की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंक देश के हर नागरिक तक बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**खबर मंत्र, राँची, 14 अगस्त 2025**